# डॉस कमाण्ड्स द्वारा फाइल्स एवं फोल्डर्स को प्रबंधन करना (Managing files and folders using dos commands)

**उद्देश्य:** इस अभ्यास के अन्त में आप करने में सक्षम हो जाएगे

- **DOS कमाण्ड्स द्वारहा फाइल्स एवं फोल्डर्स का प्रबंधन**
- **DOS कमाण्ड्स द्वारा डायरेक्ट्रीस का प्रबंधन ।**

## आवश्यकताएँ (Requirements)

**औज़ार/उपकरण/साधन**

- MS ऑफिस सहित PC - 1 No.

## प्रक्रिया (PROCEDURE)

कार्य - 1 : **डॉस कमाण्ड्स् द्वारा फाइल्स एवं फोल्डर्स का प्रबंधन**


निम्नलिखित कमाण्ड्स का कमाण्ड प्रोम्प्ट पर अभ्यास करें, आउटपुट रिकॉर्ड करें एवं अपने अनुदेशक से इसकी जाँच करायें :

**टीप : फाइल का नाम 11 केरेक्टर्स से ज्यादा नहीं होना चाहिये जिनमें से 8 केरेक्टर्स नाम के लिये एवं केरेक्टर्स एक्स्टेंशन के लिये होना चाहिये ।**

1 **COPYCON** lessons.txt

- यह कमाण्ड lesson1.txt नाम को एक टेक्स्ट फाइल बनायेगा जैसा Fig 1 में दर्शाया गया है ।

Fig 1




- फाइल को सेव (सुरक्षित) करने के लिये **^Z (Ctrl + Z)** या F6 का उपयोग करेंगे ।

2 **TYPE** lesson1.txt

- यह lesson1.txt टेक्स्ट फाइल के अंदर के कन्टेंट को प्रदर्शित करता है जैसा Fig 2 में दर्शाया गया है ।

3 **COPY** lesson1.txt ex1.txt

- यह कमाण्ड **lesson1.txt** को exl.txt में कॉपी कर देगा । (Fig 3)
- DIR कमाण्ड का उपयोग करके exl.txt लाइल को लिस्ट/सूची में देखें।

4 **REN ex1.txt** notes.txt

Fig 2






Fig 3





- यह कमाण्ड फाइल ex1.txt का नाम बदलकर notex.txt कर देगा जैसा Fig 4 में दर्शाया गया है ।

Fig 4



- DIR कमाण्ड का उपयोग करके यह जाँचे कि फाइल ex1.txt का नाम notes.txt हो गया । (Fig 4)

Fig 5




5 **DEL** notes.txt

- यह कमाण्ड फाइल notex.txt को मिटा देगा जैसा Fig 5 में दिखाया गया है ।
- DIR कमाण्ड का उपयोग कर यह जाँचे कि फाइल notes.txt लिस्ट में उपलब्ध है या नहीं ।

6 **SORT lesson1.txt**

- यह less01.txt फाइल को अंदर के कन्टेंट को (सॉर्ट) क्रम में जमा देगा जैसा Fig 6 में दिखाया गया है ।

7 **(i) FIND "SYS"** lesson1.txt

- यह टेक्सट फाइल lessons.txt में **"SYS"** स्ट्रिंग को ढूढेगा एवं वह लाइन दिखायेगा जिसमें **"SYS"** स्ट्रिंग है जैसा Fig 7 में बताया गया है ।

**(ii)** FIND/n **"SYS"** lesson1.txt

Fig 6






Fig 7




- यह टेक्सट फाइल **lesson1.txt** में "sys" स्ट्रिंग को ढूँढेंगा एवं जिस लाइन में **"SYS"** आ रहा है उसे लाइन नम्बर के साथ प्रदर्शित करेगा जैसा Fig 7 में दर्शाया गया है ।

— — — — — — — —

कार्य - 2 : **DOS कमाण्ड्स द्वारा डायरेक्ट्रीस (फोल्डर्स) का प्रबंधन करना।**

निम्नलिखित DOS कमाण्ड्स का कमाण्ड प्रोम्ट पर अभ्यास करें, आउटपुट रिकॉर्ड करें एवं अपने अनुदेशक से इसकी जाँच करायें :

1 **MD training**

- यह कमाण्ड "training" नाम की नयी डायरेक्ट्री बनायेगा जैसा Fig 8 में बनाया गया है ।
- DIR कमाण्ड का उपयोग करके "training" नाम की डायरेक्ट्री को चेक करें । (Fig 8)

2 **CD training**

- यह वर्तमान डायरेक्ट्री को training डायरेक्ट्री में बदल देगा एवं इसे DOS प्रेम्ट पर भी देखा जा सकता है । (Fig 9)
- MD Theory

  यह Theory नाम की एक सब डायरेक्ट्री बनायेगा जो मुख्य डायरेक्ट्री training के अंदर बनेगी ।
- MD Practical

Fig 8







Fig 9



यह मुख्य डायरेक्ट्री training के अंदर नई सब डायरेक्ट्री Practical बनायेगा ।

- DIR कमाण्ड का उपयोग करके यह जाँचे कि नई सब डायरेक्ट्री Therory एवं Practical मुख्य डायरेक्ट्री training के अंदर हैं या नहीं । (Fig 10)


Fig 10




- CD Practical

यह वर्तमान डायरेक्ट्री को बदलकर practical कर देगा । (Fig 11)


Fig 11




3 **CD..**

- यह वर्तमान डायरेक्ट्री से बाहर कर देगा एवं मुख्य डायरेक्ट्री training पर ले आयेगा । (Fig 12)

Fig 12





- **CD Theory**

  यह वर्तमान वर्किंग डायरेक्ट्री को थ्योरी में बदल देगा जैसा Fig 13 में बताया गया है ।

- **CD**

  यह सारी डायरेक्ट्रीज़ Theory एवं Training से बाहर लाकारूट डायरेक्ट्री E:\ पर ला देगा । (Fig 13)

Fig 13




4 **RD training**

- RD कमाण्ड खाली डायरेक्ट्री को ही हटाता या मिटाता है । सबसे पहले हमें Training डायरेक्ट्री के अंदर से सारी फाइल्स और डायरेक्ट्री को हटाना होगा ।

- CD training

  यह वर्तमान वर्किंग डायरेक्ट्री को training में परिवर्तित कर देगा । (Fig 14)

- RD Theory

  यह खाली सब डायरेक्ट्री theory को मिटायेगा । (Fig 14)

- RD Practical


  यह खाली सब डायरेक्ट्री practical को मिटायेगा । (Fig.14)

- CD..

  यह वर्तमान डायरेक्ट्री से बाहर करेगा एवं रूट डायरेक्ट्री E:\> पर ला देगा । (Fig 14)

- DIR कमाण्ड का उपयोग करके training डायरेक्ट्री की उपलब्धता जाँचे। (Fig 14)

Fig 14



कार्य - 3 : **दिया गया डायरेक्ट्री स्ट्रक्चर (संरचना) तैयार करें ।**

E:\>MAINDIR1

<Subdir1>


<Subdir2>

File1

<Subdir3>


- TREE कमाण्ड का उपयोग करके MAINDIR 1 की संरचना देखें । (Fig 15)

Fig 15




डायरेक्ट्री संरचना बताने के कमाण्ड्स का अनुक्रम इस प्रकार है । (Fig 16)

Fig 16




- MD MAINDIR1 - बनाइये MAINDIR1
- CD MAINDIR1 - **MAINDIR1** डायरेक्ट्री के अंदर जाये
- MD Subdir1 - **Subdir1** बनाये
- MD Subdir2 - **Subdir2** बनाये
- " CD Subdir2 - **Subdir2** के अंदर जायें ।
- COPY CON File1 - **File1** बनाये
- ^Z - **File1** को सेव करें
- MD Subdir3 - **Subdir3** बनाये
- CD\ - सारी सब डायरेक्ट्री से वाहर रूट डायरेक्ट्री **E:** पर आयें ।

— — — — — — — —